# Daily Current Affairs

Date : 19 November, 2025

UTKARSH CLASSES — CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | हिन्दुस्तान जिंक को LACP स्पॉटलाइट अवार्ड्स – 2025 |
| 2. | चीफ ऑफ एयर स्टाफ कमांडेशन |
| 3. | जालोर में बनेगा इनलैंड पोर्ट, कांडला पोर्ट से होगी कनेक्टिविटी |
| 4. | आरसीडीएफ को मिलेंगे 3 राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवॉर्ड |
| 5. | नेशनल में राजस्थान के पैरा तैराकों ने जीते 18 गोल्ड सहित कुल 47 मेडल |
| 6. | संयुक्त सैन्य अभ्यास "अजेय वारियर"2025 |
| 7. | जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पुरस्कार 2025 |
| 8. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. एशियाटिक कैराकल<br>2. 'माय डे माय राइट'<br>3. राजस्थान के यंगेस्ट इंटरनेशनल रेफरी बने आदित्य पूनिया<br>4. राजस्थान की अनुया प्रसाद ने बनाया शूटिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड |
| 9. | आदि कुंभेश्वर मंदिर |
| 10. | सिलीगुड़ी कॉरिडोर |
| 11. | व्हाइट कॉलर आतंकवाद |
| 12. | सेनकाकू द्वीप समूह |
| 13. | फूड वेस्ट ब्रेकथ्रू पहल |
| 14. | जलवायु परिवर्तन और व्यापार पर एकीकृत मंच |
| 15. | केंद्र ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) नियम, 2025 |
| 16. | गवर्नमेंट शटडाउन |
| 17. | कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर आपदाओं का प्रभाव, 2025 रिपोर्ट |
| 18. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. रौलेन महोत्सव<br>2. एस्केपेड मिशन |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## हिन्दुस्तान जिंक को LACP स्पॉटलाइट अवार्ड्स – 2025

### चर्चा में क्यों?

- विश्व की अग्रणी जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक को हाल ही में लीग ऑफ़ अमेरिकन कम्यूनिकेशंस प्रोफेशनल्स (LACP) स्पॉटलाइट अवॉर्ड्स 2025 से सम्मानित किया गया।

HINDUSTAN ZINC

### मुख्य बिन्दु:

- हिन्दुस्तान जिंक को प्लेटिनम श्रेणी में विजेता चुना गया है।
- कंपनी ने भारत में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं वैश्विक स्तर पर 6वाँ स्थान प्राप्त किया।
- यह इस वर्ष ग्लोबल टॉप 10 में शामिल होने वाली भारत की एकमात्र कंपनी बनी।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) वेदांता समूह की एक कंपनी है, जो दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक है और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 5 चांदी उत्पादकों में से एक है।
- **स्थापना :** वर्ष 1966 में।
- **मुख्यालय :** उदयपुर (राजस्थान)
- इस कंपनी ने वर्ष 2024 में इकोजेन (EcoZen) लॉन्च किया, जो एशिया का पहला ‘लो कार्बन ग्रीन जिंक’ ब्रांड है।
- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वर्ष 2025 में ‘इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स (ICMM)’ में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चीफ ऑफ एयर स्टाफ कमांडेशन

## चर्चा में क्यों?

- **ऑपरेशन सिंदूर में कदम से कदम मिलाने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों को चीफ ऑफ एयर स्टाफ कमांडेशन से नवाजा गया है।**



## मुख्य बिन्दु:

- **इस ऑपरेशन के दौरान जोधपुर संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह और जोधपुर कलेक्टर गौरव अग्रवाल जैसे भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के अधिकारियों ने बेहतरीन नेतृत्व एवं समन्वय की भूमिका निभाई। दोनों अधिकारियों को चीफ ऑफ एयर स्टाफ कमांडेशन से सम्मानित किया गया, जो अदम्य साहस और उत्कृष्ट सेवा के लिए दिया जाता है।**
- **इन अफसरों ने ऑपरेशन के दौरान जोधपुर संभाग के सभी जिलों में निरंतर तत्परता और समन्वय बनाए रखा, जनता को सेना के निर्देशों से अवगत कराया और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की।**
- **ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया गया एक समन्वित सैन्य अभियान है, जिसमें भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जालोर में बनेगा इनलैंड पोर्ट, कांडला पोर्ट से होगी कनेक्टिविटी

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान अब जालोर में बनने वाले इनलैंड पोर्ट (वाटर-वे) के जरिए कच्छ की खाड़ी से जुड़कर सीधे अरब सागर को कनेक्ट करेगा, जिससे प्रदेश में समुद्री व्यापार और लॉजिस्टिक्स के नए युग की शुरुआत होगी।

## मुख्य बिन्दु:

- राष्ट्रीय जलमार्ग-48 के तहत जवाई-लूनी-रन ऑफ कच्छ नदी प्रणाली को विकसित किया जा रहा है और केंद्र व राज्य सरकार ने इसके लिए एमओयू किया है। यह प्रोजेक्ट प्रदेश को कांडला पोर्ट (गुजरात) से सैद्धांतिक रूप से जोड़ देगा, जिसमें भवातरा-नवलखी मार्ग सहित लगभग 262 किलोमीटर जलमार्ग तैयार होगा, और ड्रेजिंग पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### इस परियोजना से:

- प्रदेश में इंटरनेशनल ट्रेड, उद्योग, MSME, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, और एग्री-मिनरल प्रोसेसिंग के नए द्वार खुलेंगे।
- अनुमानित 50,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।
- ट्रांसपोर्ट लागत में 30-40% तक कमी संभव होगी।
- आईआईटी मद्रास समेत राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ डीपीआर, जल उपलब्धता, लागत और भूमि स्टडी में शामिल हैं।
- समुद्री कनेक्टिविटी से राजस्थान की अर्थव्यवस्था, उद्योग और निर्यात में क्रांतिकारी विकास संभव होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आरसीडीएफ को मिलेंगे 3 राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवॉर्ड

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) को दुग्ध उत्पादन और तकनीकी नवाचार के लिए तीन राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जाएगा।
- भारत सरकार के केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने यह पुरस्कार राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (26 नवंबर 2025) के अवसर पर दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा।




## मुख्य बिन्दु:

### अवॉर्ड में शामिल हैं:

- **बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी:** जयपुर जिला दुग्ध संघ की घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जिन्हें ₹3 लाख नकद, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिह्न मिलेगा।
- **बेस्ट डेयरी फार्मर श्रेणी:** सीकर जिला दुग्ध संघ के दुग्ध उत्पादक हर्षित झुरिया, जिन्हें ₹2 लाख नकद, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिह्न मिलेगा।
- **बेस्ट एआई टेक्नीशियन श्रेणी:** हनुमानगढ़ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के दुग्ध उत्पादक विकास कुमार, जिन्हें मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिह्न मिलेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :**

- **राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा स्थापित देश का एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है।**
- **यह पुरस्कार पहली बार वर्ष 2021 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत शुरू किया गया था।**
- **इसका मुख्य उद्देश्य देशी गाय और भैंस की नस्लों के संरक्षण, संवर्धन, और डेयरी क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना है।**
- **पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में दिया जाता है, जिनमें शामिल हैं: सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान, सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी, और बेस्ट कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन।**
- **पारंपरिक रूप से यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय दुग्ध दिवस (26 नवंबर) को प्रदान किया जाता है, जो डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती भी है।**
- **पुरस्कार विजेताओं को नकद राशि, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया जाता है। नकद पुरस्कार ₹5 लाख (प्रथम), ₹3 लाख (द्वितीय), और ₹2 लाख (तृतीय) तक होते हैं।**
- **पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए विशेष श्रेणी और पुरस्कार भी निर्धारित हैं ताकि उस क्षेत्र के डेयरी विकास को प्रोत्साहन मिल सके।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नेशनल में राजस्थान के पैरा तैराकों ने जीते 18 गोल्ड सहित कुल 47 मेडल

## चर्चा में क्यों?

- हैदराबाद में 25वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 47 पदक (18 गोल्ड, 19 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज) जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। (1st तमिलनाडु और 2nd तेलंगाना)




## मुख्य बिन्दु:


- **गोल्ड मेडलिस्ट:** सूरजभान मीणा, वेदांत सिंह, शिवदेव सिंह, लाखन सिंह, निर्मला देवी, जिया, साधना मलिक, डिंपल वैष्णव, अजय देवेंदा, अनमोल, किरण टांक, भैराराम, संजय सांखला।
- **सिल्वर मेडलिस्ट:** डिंपल वैष्णव, रामनिवास, शिवदेव सिंह, लाखन सिंह, विक्रम सिंह गुर्जर, येशु स्वामी, पप्पू देवी, भागीरथ राम, अनमोल, निर्मला, जिया, वेदांत, युधिष्ठिर, ओमप्रकाश, विष्णु कुमार, संजय सांखला।
- **ब्रॉन्ज मेडलिस्ट :** विक्रम सिंह गुर्जर, सीता देवी, मोहन सिंह, गुरजंट सिंह, जमनालाल, मनोज कुमार, ओमप्रकाश, सहीराम, डॉ. जगवीर सिंह, युधिष्ठिर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# संयुक्त सैन्य अभ्यास “अजेय वारियर”2025

## चर्चा में क्यों?

- भारत-ब्रिटेन संयुक्त सैन्य अभ्यास “अजेय वारियर-25” 17 नवंबर 2025 को राजस्थान के बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ और 30 नवंबर तक चलेगा।




## मुख्य बिन्दु:

- भारत की ओर से सिख रेजिमेंट के सैनिक, तथा ब्रिटेन की ओर से 1st डिवीजन की 4th लाइट ब्रिगेड के 2nd बटालियन, रॉयल गोरखा राइफल्स (2 RGR) के सैनिक शामिल हैं।
- अभ्यास का मुख्य फोकस सेमी-अर्बन (शहरी) क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर है, जो संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत संचालित हो रहा है।
- यह युद्धाभ्यास 2011 से द्विवार्षिक रूप से चल रहा है और यह इसका 8 वाँ संस्करण हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पुरस्कार 2025

## चर्चा में क्यों?

- यह पुरस्कार जल शक्ति अभियान: कैच द रेन के अंतर्गत आयोजित प्रमुख समुदाय-संचालित कार्यक्रम के तहत दिए जाते हैं।

## मुख्य बिन्दु:

- पुरस्कार वितरण समारोह 18 नवंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित किया गया।
- यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'जल शक्ति के लिए जन शक्ति' दृष्टिकोण से प्रेरित है, जो समुदाय (community), कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) और कम लागत (cost) (3 सी मंत्र) के आधार पर जल सुरक्षा को बढ़ावा देती है।

### मुख्य पुरस्कार विजेता:

- शीर्ष तीन राज्यों में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और राजस्थान शामिल हैं।
- जिलों के वर्गीकरण में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, वाराणसी, छत्तीसगढ़ के बालोद, राजनांदगांव, रायपुर, तेलंगाना के आदिलाबाद, नलगोंडा, मनचेरियल आदि प्रमुख हैं।
- राजस्थान के भीलवाड़ा, बाड़मेर, अलवर, उदयपुर जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
- छत्तीसगढ़ का रायपुर नगर निगम, तेलंगाना का हैदराबाद मेट्रो क्षेत्र, और उत्तर प्रदेश का गोरखपुर नगर निगम शीर्ष 10 में शामिल।
- पुरस्कार राशि में श्रेणी-1 के जिलों को ₹2 करोड़, श्रेणी-2 को ₹1 करोड़, तथा श्रेणी-3 को ₹25 लाख प्रति जिले के हिसाब से दिया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **एशियाटिक कैराकल**<br><br>■ पोकरण (जैसलमेर) भारत-पाक सीमा से सटे सरहदी जिले के रामगढ़ क्षेत्र में दुर्लभ प्रजाति की एशियाटिक कैराकल बिल्ली नजर आई है। रेगिस्तानी क्षेत्रों में पाई जाने वाली इस प्रजाति की संख्या पिछले कुछ वर्षों में लगातार घटती जा रही है। इसी गिरावट के कारण एशियाटिक कैराकल को गंभीर संकटग्रस्त प्रजाति की श्रेणी में शामिल किया गया है। |
| 2. | **'माय डे माय राइट'**<br>■ आमेर महल में विश्व बाल दिवस सप्ताह के तहत 'माय डे माय राइट' थीम पर 'द वॉल ऑफ होप - लिसन टू द फ्यूचर' कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>■ इस कार्यक्रम में 8 से 18 साल के बच्चे और युवा शामिल हुए, जिन्होंने पेंटिंग, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से अपनी उम्मीदें, चिंताएं और सपने व्यक्त किए।<br>■ यूनिसेफ, फ्यूचर सोसायटी, डिजिटल बाल मेला, और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन हुआ। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### 3. राजस्थान के यंगेस्ट इंटरनेशनल रेफरी बने आदित्य पूनिया



- आदित्य पूनिया, रामबाग गोल्फ क्लब के सदस्य, राजस्थान के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय गोल्फ रेफरी बने हैं। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ रिजॉर्ट में आयोजित तीन चरणों की परीक्षा पहले प्रयास में पास की।
- राजस्थान के पहले भी इंटरनेशनल रेफरी रहे हैं, लेकिन आदित्य सबसे युवा हैं, जिसे यह उपलब्धि जीवन का सबसे बड़ा सम्मान मानते हैं।

### 4. राजस्थान की अनुया प्रसाद ने बनाया शूटिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड



- राजस्थान की अनुया प्रसाद ने टोक्यो, जापान में जारी 25वें समर डेफलिंपिक में निशानेबाजी स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।
- उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 241.1 का स्कोर बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता।
- अनुया के साथी निशानेबाज प्रांजलि धूमल ने 236.80 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।
- ईरान की महला समी ने 215.5 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## आदि कुंभेश्वर मंदिर

### चर्चा में क्यों?

- तमिलनाडु के कुंभकोणम में आदि कुंभेश्वर मंदिर के कुंभभिषेकम (प्रतिष्ठापन) ने मंदिर के अद्वितीय पत्थर नागस्वरम, यहां संरक्षित एक दुर्लभ पवन वाद्ययंत्र, की ओर नए सिरे से ध्यान आकर्षित किया है।

### मुख्य बिन्दु:

**मंदिर के बारे में**

- कुंभकोणम, तंजावुर जिला, तमिलनाडु में आदि कुंभेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है , जिन्हें लिंगम के रूप में आदि कुंभेश्वर के रूप में पूजा जाता है ।
- यह मंदिर एक वास्तुशिल्पीय स्थल है जो द्रविड़ वास्तुकला की प्रमुख विशेषताओं को प्रदर्शित करता है और माना जाता है कि यह 1,300 वर्ष से अधिक पुराना है ।
- यह मंदिर चोल काल (9वीं शताब्दी ई.) का है और बाद में नायक शासकों द्वारा इसका जीर्णोद्धार किया गया था।
- यह कुंभकोणम में प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले महामहम उत्सव से जुड़े 12 शिव मंदिरों में से एक है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सिलीगुड़ी कॉरिडोर

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय सेना ने रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर के निकट तीन नये सैन्य अड्डे स्थापित किये।




## मुख्य बिन्दु:

- बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के कारण सुरक्षा संबंधी चिंताएँ हैं तथा संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर के निकट चीन की बढ़ती उपस्थिति को लेकर भी चिंताएँ हैं ।
- इसे चिकन्स नेक भी कहा जाता है, यह पश्चिम बंगाल में भूमि की एक संकरी पट्टी है जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है।
- यह महानंदा और तीस्ता नदी  के बीच स्थित पूर्वी भारत का एक बहुत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्र है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्हाइट कॉलर आतंकवाद

## चर्चा में क्यों?

- दिल्ली में हुई हालिया आतंकी घटना ने 'व्हाइट कॉलर' आतंकवाद के रूप में नए खतरे को उजागर किया है।

## मुख्य बिन्दु:

- 'व्हाइट-कॉलर' यानी सफेदपोश आतंकवाद में, डॉक्टर, इंजीनियर जैसे पेशेवर और शिक्षित व्यक्ति अपनी पेशेवर विश्वसनीयता, अकादमिक नेटवर्क तथा वित्तीय व संस्थाओं के आसानी से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग हिंसक उद्देश्यों के लिए करते हैं।
- यह उस लंबे समय से प्रचलित धारणा के विपरीत है, जिसमें आतंकवादी संगठनों को बेरोज़गार और गुमराह व्यक्तियों को कट्टरपंथी बनाने वाला माना जाता था।

### आतंकवाद के अन्य नए रूप

- **लोन वुल्फ आतंकवाद:** इसमें समान विचारधारा वाले व्यक्ति हिंसक अपराध को अंजाम देने के लिए "अकेले कार्य" करते हैं। उदाहरण: न्यूजीलैंड में क्राइस्टचर्च आतंकी हमला।
- **आत्मघाती बम विस्फोट:** इसमें आतंकवादियों को मानव बम के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें हमलावर की मृत्यु निश्चित है। उदाहरण: 2019 का पुलवामा आतंकी हमला।
- **स्लीपर सेल:** ये किसी देश में सामान्य नागरिकों की तरह रहते हुए गुप्त रूप से कार्य करते हैं और आदेश मिलने पर सक्रिय होते हैं।
- **ओवर ग्राउंड वर्कर:** ऐसे लोग जो आतंकियों को लॉजिस्टिक्स, संसाधन और सहायता प्रदान करते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## सेनकाकू द्वीप समूह

### चर्चा में क्यों?

- चीन के तटरक्षक जहाज दल ने सेनकाकू/दियाओयू द्वीप समूह के निकट अधिकार प्रवर्तन गश्त की, जिससे जापान के साथ तनाव बढ़ गया।

### मुख्य बिन्दु:

**द्वीप समूह के बारे में**

- सेनकाकू द्वीप समूह एक सामूहिक शब्द है जो द्वीपों के एक समूह को संदर्भित करता है जिसमें ऊत्सुरी, किताकोजिमा, मिनामिकोजिमा, कुबा, ताइशो, ओकिनोकिताइवा, ओकिनोमिनामीवा और टोबीसे शामिल हैं
- वे पूर्वी चीन सागर में स्थित हैं और ताइवान से लगभग 170 किमी तथा चीन से 330 किमी दूर स्थित हैं।
- **विवाद :** सेनकाकू द्वीप समूह लंबे समय से जापान-चीन संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा रहा है, दोनों देश इस निर्जन चट्टानी श्रृंखला पर दावा करते रहे हैं। वर्तमान में इसका नियंत्रण जापान के हाथ में है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# फ़ूड वेस्ट ब्रेकथ्रू पहल

## चर्चा में क्यों?

- फ़ूड वेस्ट ब्रेकथ्रू (FWB) पहल को 2030 जलवायु समाधान के रूप में COP30, बेलेम में शुरू किया गया। इस पहल को वैश्विक जलवायु कार्रवाई हेतु माराकेश भागीदारी के तहत आरंभ किया गया है।

## मुख्य बिन्दु:

- **परिचय:** यह पहल सरकारों, शहरों और नागरिक समाज को वैश्विक भुखमरी एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर कार्रवाई करने के लिए एकजुट करेगी।

**लक्ष्य:**

- वैश्विक खाद्य अपशिष्ट को आधा करना तथा 2030 तक मीथेन उत्सर्जन में 7% तक की कमी लाना।
- **भागीदारी:** ब्राजील, जापान और यूनाइटेड किंगडम। साथ ही, कई वैश्विक शहर और निजी क्षेत्रक के भागीदार भी इसमें शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## जलवायु परिवर्तन और व्यापार पर एकीकृत मंच

### चर्चा में क्यों?

- COP-30 में जलवायु परिवर्तन और व्यापार पर एकीकृत मंच (IFCCT) का शुभारंभ किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

**IFCCT के बारे में**

- **लक्ष्य:** एक स्थायी व राजनीतिक रूप से समर्थित मंच तैयार करना, जहां देश व्यापार संबंधी नीतियों और जलवायु कार्रवाई के बीच बढ़ते विवाद को समाप्त कर सकें।
- यह मंच विश्व व्यापार संगठन (WTO) और UNFCCC दोनों से संस्थागत रूप से स्वतंत्र रहेगा।
- मंच की सह-अध्यक्षता ब्राजील और एक भागीदार विकसित देश द्वारा की जाएगी, और यह UNFCCC के सभी पक्षों के लिए खुला होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## केंद्र ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) नियम, 2025

### चर्चा में क्यों?

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 अधिसूचित किए हैं। इससे DPDP अधिनियम, 2023 पूर्ण रूप से प्रवर्तित हो जाएगा।

### मुख्य बिन्दु:

- ये नियम उच्चतम न्यायालय के 2017 के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ वाद निर्णय के अनुपालन में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी वाद में उच्चतम न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार के रूप में मान्यता दी थी।
- डेटा संरक्षण बोर्ड को व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन की शिकायतों की जांच के लिए दीवानी अदालत की शक्तियां प्राप्त होंगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गवर्नमेंट शटडाउन

## चर्चा में क्यों?

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने इतिहास में अमेरिकी सरकार के सबसे लंबे शटडाउन को समाप्त करने के लिए एक स्टॉपगैप विधेयक पर हस्ताक्षर किए।

## मुख्य बिन्दु:

- **अर्थ:** यह तब होता है, जब शासन का विधायी अंग कार्यकारी अंग के संचालन को वित्त-पोषित और अधिकृत करने के लिए आवश्यक बजटीय विधेयकों को पारित नहीं कर पाता है।
- **शटडाउन के प्रभाव:** इसके परिणामस्वरूप, सरकार के कुछ या सभी कार्य बंद हो जाते हैं।
- यह आम तौर पर शासन की राष्ट्रपति प्रणाली की एक विशेषता है। इस प्रणाली में कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों का सख्त पृथक्करण होता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में शासन की राष्ट्रपति प्रणाली अपनाई गई है।
- भारत जैसी संसदीय प्रणालियों में शटडाउन नहीं होते हैं, क्योंकि यहां कार्यपालिका विधायिका से ही बनी होती है और उसका विश्वास प्राप्त करने पर ही निर्भर होती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर आपदाओं का प्रभाव, 2025 रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर आपदाओं का प्रभाव, 2025 रिपोर्ट जारी की। FAO की इस रिपोर्ट में खाद्य उत्पादन में आपदा-जनित बाधाओं का उल्लेख किया गया है तथा इसमें कृषि क्षेत्रक में आपदा से जुड़े जोखिमों को कम करने में डिजिटल-परिवर्तन को एक "गेम-चेंजर" के रूप में पहचान की गई है।

### मुख्य बिन्दु:

**भारत में कृषि में प्रौद्योगिकी का उपयोग**

- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) का उपयोग:**
- **किसान ई-मित्र-AI चैटबॉट;**
- **राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (NPSS):** यह प्रौद्योगिकी कीटों के हमलों का पता लगाने के लिए AI का उपयोग करती है, आदि।
- **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग :** फसल/FASAL परियोजना का शुभारंभ।
- **FASAL से आशय है:** अंतरिक्ष, कृषि-मौसम विज्ञान और भूमि-स्थित अवलोकनों का उपयोग करके कृषि उत्पादन का पूर्वानुमान (Forecasting Agricultural output using Space, Agro-meteorology and Land based observations) ।
- **ड्रोन प्रौद्योगिकी:** नमो ड्रोन दीदी योजना, स्वामित्व योजना, आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **रौलेन महोत्सव**<br>■ हाल ही में हिमाचल प्रदेश में रौलेन महोत्सव ने ध्यान आकर्षित किया।<br>■ रौलेन महोत्सव हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में मनाया जाने वाला एक प्राचीन, 5,000 वर्ष पुराना पारंपरिक त्यौहार है, जो सौनियों के नाम से जानी जाने वाली रहस्यमयी आकाशीय परियों के सम्मान में मनाया जाता है। |
| 2. | **एस्केपेड मिशन**<br>■ नासा का एस्केपेड (ESCAPADE) अंतरिक्ष यान ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया।<br>■ **उद्देश्य:** यह जांच करना कि सौर पवन मंगल के चुंबकीय वातावरण के साथ कैसे अंतर्क्रिया करती है। |

CIVIL SERVICES


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR